प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 22.08.2025
समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे। वे दौनों राज्यों में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

- भारत के पहले मानव रहित अंतरिक्ष मिशन– गगनयान की पहली परीक्षण उड़ान इस वर्ष दिसंबर में होगी।

- जोधपुर–दिल्ली के बीच नई वंदे भारत ट्रेन को मंजूरी।

- प्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू–सबसे ज्यादा 19 सेंटीमीटर बारिश बारां के किशनगंज में दर्ज।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी बिहार के गया में लगभग 13 हजार करोड़ रूपए मूल्य के विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। वे दो रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। पश्चिम बंगाल में, प्रधानमंत्री आज शाम कोलकाता में नवनिर्मित खंडों पर मेट्रो ट्रेन सेवा का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वे कोलकाता में पांच हजार दो सौ करोड़ रूपए मूल्य से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित भी करेंगे।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि संसद का मानसून सत्र देश और सरकार के लिए उपयोगी रहा। कल नई दिल्ली में सत्र समाप्त होने के बाद संसद भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि मानसून सत्र के दौरान दोनो सदनों में कुल मिलाकर 15 विधेयक पारित हुए। श्री रिजिजू ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि विरोध या असहमति व्यक्त करना अपने विचार व्यक्त करने का एक लोकतांत्रिक तरीका है, लेकिन संसद में सरकार को काम करने से रोकना और बाधा डालना अलोकतांत्रिक है।

.....

भारत के पहले मानव रहित अंतरिक्ष मिशन– गगनयान की पहली परीक्षण उड़ान इस वर्ष दिसंबर में होगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अध्यक्ष वी.नारायणन ने कल नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब तक गगनयान के 80 प्रतिशत यानि लगभग सात हजार सात सौ परीक्षण हो चुके हैं। बाकी दो हजार तीन सौ परीक्षण अगले साल मार्च तक पूरे कर लिए जाएंगे। इसरो की अन्य उपलब्धियों के बारे में बताते हुए श्री नारायणन ने कहा कि इस वर्ष आदित्य एल–1 उपग्रह से 13 टेराबिट डेटा वैज्ञानिकों को उपलब्ध कराया गया है।

....

एक्सियम मिशन में इसरो की भूमिका के बारे में श्री नारायणन ने कहा कि इसरो की तकनीकी विशेषज्ञता ने इस मिशन को सुरक्षित संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए दो पर्यवेक्षक नियुक्त किये हैं। पंचायती राज मंत्रालय में अपर सचिव सुशील कुमार लोहानी और वित्त मंत्रालय में अपर सचिव डॉक्टर आनंदन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए पर्यवेक्षक होंगे। इस बीच इस चुनाव के लिए भरे गए नामांकन पत्रों की जांच आज होगी। इस महीने की 25 तारीख तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितम्बर को होगा।

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के प्रयासों से जोधपुर–दिल्ली वंदे भारत ट्रेन के संचालन को मंजूरी मिल गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने श्री शेखावत को पत्र भेजकर यह जानकारी दी। जोधपुर से दिल्ली के लिए नई वंदे भारत ट्रेन जयपुर से होकर जाएगी। श्री शेखावत ने कहा कि इस निर्णय से इस मार्ग के यात्रियों को बडी सौगात मिली है। श्री शेखावत ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल

मंत्री का आभार जताया। इस बीच उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने रेल मंत्री से 'पैलेस ऑन व्हील्स' ट्रेन के ठहराव को और अधिक शहरों तक बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे अधिक पर्यटक राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सकेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने 'महाराजा एक्सप्रेस' और 'पैलेस ऑन व्हील्स' की तर्ज पर एक नई पर्यटक ट्रेन को भी मंजूरी दिये जाने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। श्री देवनानी और श्री शर्मा की यह मुलाकात एक घंटे से भी अधिक समय तक चली। विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ने सोलहवीं विधानसभा के चौथे सत्र से संबंधित विभिन्न विधायी कार्यों और राज्य से संबंधित विकास योजनाओं के बारे में चर्चा की। यह मुलाकात सत्र से पहले परंपरा अनुसार शिष्टाचार भेंट थी।

जोधपुर के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में प्रदेश की पहली उच्च गुणवत्ता की ड्रग टेस्टिंग लैबोरेट्री (डीआरएल) स्थापित हो गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस लैबोरेट्री के लिए लगभग साढे छः करोड़ रुपए के उपकरण और मशीने मंगवाई गई है। इनसे सभी प्रकार की आयुर्वेद दवाओं की टेस्टिंग और उनका विश्लेषण हो सकेगा।

.....

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। कल पाली, जालौर और बारां में अच्छी बारिश हुई। सबसे ज्यादा 19 सेंटीमीटर बारिश बारां के किशनगंज में दर्ज की गई हैं। तेज बारिश के चलते बारां जिला कलेक्टर ने आज स्कूल में अवकाश घोषित कर दिया है। वहां नदी नालों में उफान आ जाने से वाहन चालको सहित विद्यार्थियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

....

तेज बारिश के चलते पाली के केसूली, गजनई और राजपुरा सहित सादडी बांध पर एक बार फिर चादर चल गई है। बाडमेर, सिरोही, भीलवाडा, करौली, बालोतरा में कल से ही रूक–रूक कर बारिश हो रही है। बारिश के कारण डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम पर लोगों की आवाजाही बंद हो गई है। अजमेर के आनासागर झील का जलस्तर बढने से प्रशासन ने तीन चैनल गेट डेढ फिट तक खोलकर पानी की निकासी शुरू कर दी है। सवाईमाधोपुर के आसपास के इलाकों में जलभराव के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जयपुर में भी कल रूक–रूक कर बरसात होने से लोगों को उमस से राहत मिली।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 3–4 दिन तक दक्षिणी और दक्षिण–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं भारी, अतिभारी बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भी 29 अगस्त तक बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने के आसार है। विभाग ने आज टोंक, सवाईमाधोपुर, बूंदी, कोटा, भीलवाडा, चित्तोडगढ, जयपुर दौसा और अजमेर जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।